8. परीक्षा योजना :-

i. प्रथम चरण लिखित परीक्षा- हिंदी भाषा में बहुविकल्पीय प्रश्न(MCQ):

ii. प्रथम चरण तकनीकी परीक्षा (केवल तकनीकी पदों हेतु)- अधिकतम 100 अंक: बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ):

iii. व्दितीय चरण परीक्षा योजना :-

क. शारीरिक दक्षता परीक्षण

9. प्रथम चरण परीक्षा योजना :-

i.प्रथम चरण लिखित परीक्षा- हिंदी भाषा में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ):

क. अवधि –2 घंटे, 100 प्रश्न

ख. अंक योजना

(1) अधिकतम 100 अंक

(2) सही उत्तर के लिये +1 अंक दिए जाएंगे ।

(3) जिन प्रश्नों के उत्तर के प्रयास नहीं किए गए या उत्तर गलत हैं, उनके लिये कोई अंक नहीं काटा जाएगा ।

ग. प्रश्नों के प्रकार – वस्तुनिष्ठ (MCQ)

(1) 40 अंक – सामान्य ज्ञान एवं तार्किक ज्ञान.

(2) 30 अंक – बौद्धिक क्षमता एवं मानसिक अभिरुचि.

घ. वर्टिकल श्रेणी के विज्ञापित पदों के विरुद्ध सात गुना अभ्यर्थियों को कट-ऑफ़ अंकों अनुसार आरक्षक (जीडी) – पदों हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए चुना जाएगा. 'विशेष सशस्त्र बल' एवं 'विशेष सशस्त्र बल को छोड़कर' के लिए एक ही कट-ऑफ़ अंको का निर्धारण होगा ।

ङ. होरीज़ोंटल श्रेणियों के लिए पृथक से कट-ऑफ़ अंकों का निर्धारण नहीं किया जाएगा.

ii. प्रथम चरण तकनीकी परीक्षा - अधिकतम 100 अंक: निम्नलिखित पाठ्यक्रम पर आधारित ।

क. अवधि –2 घंटे, 100 प्रश्न;

ख. प्रश्नों के प्रकार – वस्तुनिष्ठ (MCQ).

(1) आरक्षक (रेडियो-ऑपरेटर)–इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रीकल्स और हार्डवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर (कम्प्यूटर एप्लीकेशन नहीं) टेलीकम्युनिकेशन, इंस्ट्रूमेंट मेकैनिक या सूचना-प्रोद्यौगिकी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 2 वर्ष पाठ्यक्रम सर्टिफ़िकेट पाठ्यक्रम का स्तर ।

(2) आरक्षक (रेडियो-ऑपरेटर) के पदों हेतु सात गुना अभ्यर्थियों को प्रथम चरण लिखित परीक्षा एवं तकनीकी परीक्षा के योग के कट-ऑफ़ अंकों के आधार पर शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं तकनीकी प्रायोगिक परीक्षा के लिए चुना जाएगा.

(3) होरिज़ोंटल श्रेणियों के लिए पृथक से कट-ऑफ़ अंकों का निर्धारण नहीं किया जाएगा ।

लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम.

लिखित परीक्षा में प्रथम प्रश्न पत्र होगा जिसका योग 100 अंकों का निम्नानुसार होगा। सभी प्रश्न म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल की आठवीं कक्षा के स्तर के होंगे ।

(अ)	सामान्य ज्ञान एवं तार्किक ज्ञान	40 अंक
(ब)	बौद्धिक क्षमता एवं मानसिक अभिरूचि	30 अंक
(स)	विज्ञान एवं सरल अंक गणित	30 अंक

उक्त प्रश्न पत्र के आरक्षक (रेडियों) पदों के लिये पात्र एवं इच्छुक आवेदकों को उपरोक्त दर्शित प्रश्न पत्र के साथ-साथ द्वितीय प्रश्न पत्र के रूप में 100 अंकों का एक तकनीकी प्रश्न पत्र की भी परीक्षा देनी होगी, जिसका पाठ्यक्रम अध्याय-1 की कण्डिका 9 (ii) (1) में दर्शित स्तर अनुसार होगी।